Seat No. : _______________

# ME-124

**March-2019**

**B.A., Sem.-I**

**EC-I : 101 : Hindi**

**(आधुनिक हिन्दी कविता)**

**(कविता के पड़ाव)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :** (1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम के अनुसार ही लिखें।
(2) निम्नलिखित प्रश्न 1 और 2 (ब) में से किन्हीं **चार** तथा 3 और 4(ब) में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर विकल्प चुनकर या **एक–दो** वाक्य में दीजिए।

1. (अ) राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित 'कैकेयी का पश्चाताप' कविता का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए। **14**

**अथवा**

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र विरचित 'मुकरियाँ' में निहित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

(ब) (1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म कब हुआ था ? **4**
(अ) 1848 (ब) 1850
(क) 1852 (ड) 1854

(2) यशोधरा अपने मन की व्यथा किससे कहती है ?
(अ) माता (ब) बहन
(क) सखि (ड) ननद

(3) भारतेन्दुजी ने किसकी उन्नति को सब प्रकार की उन्नति का मूल माना है ?
(अ) निज भाषा (ब) विदेशी भाषा
(क) उर्दू (ड) अंग्रेजी

(4) मैथिलीशरण गुप्त के पिताजी का नाम क्या था ?

(5) आधुनिक हिन्दी साहित्य की अधिकांश विधाओं का जनक होने का श्रेय किस को जाता है ?

(6) 'साकेत' महाकाव्य के रचनाकार का नाम बताइए।

2. (अ) 'पेशोला की प्रतिध्वनि' कविता में व्यक्त राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिए। **14**

**अथवा**

निराला द्वारा रचित 'तोड़ती पत्थर' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(ब) (1) जयशंकर प्रसाद यक्ष्मा रोग के शिकार होकर कितने वर्ष की आयु में चल बसे ? **4**
(अ) अड़तालीस (ब) उनचालीस
(क) चालीस (ड) इकतालीस

(2) सूर्यकान्त त्रिपाठी का जन्म कब हुआ ?

(अ) 1896 (ब) 1897

(क) 1898 (ड) 1899

(3) जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित महाकाव्य का नाम बताइए ।

(अ) चित्राधार (ब) लहर

(क) झरना (ड) कामायनी

(4) 'कुकुरमुत्ता' के रचयिता का नाम लिखिए ।

(5) 'जाग री' कविता में कवि ने प्रात: काल में किसका वर्णन किया है ?

(6) यौवन की मदिरा पिये कौन सो रहा है ?

3. (अ) पंतजी द्वारा रचित 'मौन निमंत्रण' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए । **14**

**अथवा**

'क्या पूजा क्या अर्चन रे ?' कविता में कवयित्री महादेवी वर्मा की एकान्त साधना तथा अनन्त प्रियतम की चिर प्रतीक्षा है – चर्चा कीजिए ।

(ब) (1) सुमित्रानंदन पंत का जन्म कब हुआ था ? **3**

(अ) 1900 (ब) 1901

(क) 1902 (ड) 1903

(2) पंतजी ने 'प्रथम रश्मि' कविता किसे सम्बोधित करके लिखी है ?

(अ) तोता (ब) कोयल

(क) बाल विहंगिनी (ड) मोर

(3) महादेवी वर्मा का जन्म कब हुआ था ?

(अ) 1904 (ब) 1905

(क) 1906 (ड) 1907

(4) महादेवी वर्मा का विवाह कितनी उम्र में हुआ था ?

(5) महादेवी वर्मा को कौन–कौन सी शिक्षा घर पर दी गई ?

4. (अ) 'ठुकरा दो या प्यार करो' कविता में कवयित्री सुभद्राकुमारी चौहान की समर्पण भावना पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

'जवानी' कविता में कवि श्री माखनलाल चतुर्वेदी ने देश के नौजवानों की सोयी हुई जवानी को जगाने का प्रयास किया है – चर्चा कीजिए ।

(ब) (1) कवयित्री सुभद्राकुमारी चौहान का विवाह किससे हुआ था ? **3**

(अ) लक्ष्मणसिंह (ब) रतनसिंह

(क) कनकसिंह (ड) राजपालसिंह

(2) 'वीरों का हो कैसा वसंत' कविता कौन से रस से भरपूर है ?

(अ) वात्सन्य्य (ब) वीर

(क) शृंगार (ड) करुण

(3) माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म कब हुआ था ?

(अ) 1887 (ब) 1888

(क) 1889 (ड) 1890

(4) पुष्प वनमाली से किस पथ पर फेंकने को कहता है ?

(5) 'जवानी' कविता किस काव्य संग्रह से ली गई है ?

Seat No. : _______________

# ME-124

**March-2019**

**B.A., Sem.-I**

**EC-I : 101 : Hindi (Optional)**

**Prayojanmulak Hindi**

**(राष्ट्रभाषा एवं कार्यालय हिंदी के प्रमुख प्रकार्य)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (अ) राजभाषा हिंदी का परिचय देते हुए राजभाषा सम्बन्धी राष्ट्रपति के आदेश स्पष्ट कीजिए । **14**

**अथवा**

राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / **एक** या **दो** वाक्य में दीजिए : **4**

(1) भारतीय संविधान में राजभाषा के लिए 17वें भाग में कितने अनुच्छेद हैं ?

(अ) 10 (ब) 15

(क) 11 (ड) 17

(2) भारतीय संघ की राजभाषा कौन सी है ?

(अ) अवधी (ब) फारसी

(क) हिंदी (ड) अंग्रेजी

(3) भारतीय संविधान कब लागू हुआ ?

(अ) 1950 (ब) 1945

(क) 1942 (ड) 1947

(4) राजभाषा का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया था ?

(5) राजभाषा को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?

(6) राष्ट्रपति ने राजभाषा हिंदी विषयक संवैधानिक व्यवस्थाओं के अंतर्गत कितने आदेश निकाले ?

2. (अ) सन् 1976 के राजभाषा नियम के अंतर्गत दिए गए बिन्दुओं का वर्णन कीजिए । **14**

**अथवा**

राजभाषा अधिनियम–1956 की चर्चा कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / **एक** या **दो** वाक्य में दीजिए : **4**

(1) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की लिपि कौन सी है ?

(अ) शारदा (ब) रोमन

(क) देवनागरी (ड) ब्राह्मी

(2) केंद्रीय सरकार द्वारा बनाए गए राजभाषा नियम–1976 किस राज्य को छोड़कर समस्त भारत पर लागू होते हैं ?

(अ) तमिलनाडु (ब) पंजाब

(क) बंगाल (ड) कश्मीर

(3) हिंदी को राजभाषा का सम्मान कब प्राप्त हुआ ?

(अ) 15 अगस्त, 1947 (ब) 14 सितम्बर, 1949

(क) 26 जनवरी, 1950 (ड) 2 अक्तूबर, 1900

(4) गृह मंत्रालय के आदेश द्वारा संसद के दोनों सदनों द्वारा राजभाषा संकल्प कब प्रकाशित किया गया ?

(5) भारतीय संविधान का कौन सा भाग पूर्णतया राजभाषा से जुड़ा हुआ है ?

(6) राजभाषा नियम–1976 कब जारी किया गया था ?

3. (अ) संक्षेपण का अर्थ देकर उसका स्वरूप स्पष्ट कीजिए । **14**

**अथवा**

संक्षेपण की प्रक्रिया समझाते हुए उसके लाभों पर प्रकाश डालिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / **एक** या **दो** वाक्य में दीजिए : **3**

(1) संक्षेपण का कौन सा प्रकार है, जिसमें किसी लेख का संक्षेपण किया जाता है ? इसे preciswriting का नाम दिया जाता है ।

(अ) स्वतंत्र संक्षेपण (ब) प्रवहमान

(क) तालिका संक्षेपण (ड) स्वत:पूर्ण संक्षेपण

(2) संक्षेपण में मूल विषय को सामान्यत: कितने शब्दों में प्रस्तुत किया जाता है ?

(अ) एक तिहाई (ब) आधा

(क) एक चौथाई (ड) तीन चौथाई

(3) इसमें से किसका व्यापार तथा वाणिज्य के क्षेत्र में विशेष महत्त्व है ?

(अ) पल्लवन (ब) संक्षेपण

(क) समाचार लेखन (ड) प्रारूपण

(4) संक्षेपण में अनुच्छेद के केन्द्रीय भाव को ध्यान में रखा जाता है – सही या गलत ।

(5) संक्षेपण को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?

4. (अ) टिप्पण का अर्थ देकर उसके उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । **14**

**अथवा**

पल्लवन किसे कहते हैं ? पल्लवन का स्वरूप स्पष्ट कीजिए ।

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर / **एक** या **दो** वाक्य में दीजिए : **3**

(1) सम्पूर्ण टिप्पणी का दूसरा नाम क्या है ?

(अ) नेमी टिप्पण (ब) स्वत:पूर्ण टिप्पण

(क) सामान्य टिप्पण (ड) सूक्ष्म टिप्पण

(2) हिंदी में 'टिप्पणी' शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का अर्थ ध्वनित करता है ?

(अ) Report (ब) Note

(क) Compliment (ड) Draft

(3) सूक्ष्म टिप्पण किसे कहते हैं ?

(4) पल्लवन की प्रक्रिया संक्षेपण से ठीक विपरीत है – सही या गलत ।

(5) पल्लवन को अंग्रेजी में क्या कहते हैं ?